पंचदश बिहार विधान सभा

सप्तदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03 बुधवार, दिनांक- 05 अगस्त, 2015 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.02 बजे पूर्वा० तक ।

"सभा की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपनी सीट पर जाकर बातों को कहें ।"

लेकिन सदन में शोरगुल कायम रहा और सदन की बैठक 2.00 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

(भोजनावकाश के बाद)

(2.00 बजे अप० से 2.25 बजे अप० तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[1] विधायी कार्य :- राजकीय विधेयक :-

(i) "बिहार राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2015" :-

माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग श्री पी०के० शाही द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ । विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन के वेल में आ गए तथा शोरगुल करने लगे । साथ ही किसी भी सदस्य के द्वारा संशोधन का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया ।

इस बीच माननीय शिक्षा मंत्री ने विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया । विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) **"आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2015"** :-

माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग श्री पी०के० शाही द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा इसपर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खंडशः विचार के क्रम में सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(iii) **"बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक 2015"** :-

माननीय प्रभारी मंत्री पंचायती राज विभाग श्री विनोद कुमार यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा इसपर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खंडशः विचार के क्रम में सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[2] आसन से घोषणा की गई कि पन्द्रहवीं विधान सभा के सभी माननीय सदस्यों एवं मंत्रिपरिषद् के सभी सदस्यों की यादगार के लिए ग्रुप फोटोग्राफी कल दिनांक 06.08.2015 को 10.00 बजे पूर्वा० में विधान सभा परिसर में की जायेगी ।

[3] **निवेदन** :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 12 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जाएंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक गुरुवार, दिनांक-06 अगस्त, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गई ।

पटना

दिनांक-05.08.2015

हरेराम मुखिया

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।